नीर गिरावे अंखियाँ रिमझिम, तुम बिन मेरा सूना सावन। कोयल न कूके सूखे बगिया, कैसे बीतेगा यह जीवन। पाँव पड़ू आ जाओ निष्ठुर, जानूँ ना मैं कर्म के बन्धान। मर्जी तेरी से आये हम, दिल रोता करता है क्रन्दन।

नाम पिया मीरा ने तेरा, बनी दिवानी जग दुख विसरा। निज की मदिरा मुझे पिला दे, टूटे मृगतृष्णा का घेरा। हरि हरि मेरे प्राण पुकारें, चरणों को यह नयना धोवें। बीत गये पल कुछ पल बाकी, सुन लो दिल की व्यथा सुनावे।59ण

खेल तू कितने खिलाये, जान तुमको हम न पाये। आती सांसे चलते हैं, पीड़ हम किसको सुनायें। नीर यह अँखियाँ गिराती, पर तुझे यह नहीं पाती। सभी है अनजान गलियाँ, कैसे भेजूँ मैं पाती।

प्यार की ले भूख भटकूँ, तुझ चरण पर शीश धार दूँ। नयन जल से धोय पोछूँ, न विलग होना यह कह दूँ। अबल हम तेरा सहारा, कोई न दीखे किनारा। थाम लो बहियां हमारी, थक गया मैं नाथ हारा।

जगत के तुम ही रचैया, चाहें हम तेरी छैंया। देखो नयनों का पानी, बीत जाये अब न संधया। नयन में मेरे बसो तुम, गम भूलूँ जग के सारे। न मुझे भटकाओ विनती, बहते हैं आँसू खारे।

60ण

दिल नहीं लगता हमारा, इस जग से मैं हूँ हारा। नाथ अपनी शरण में लो, एक बस तू ही सहारा। आँख से आंसू निकलते, प्राण यह तुमको तरसते। न छिपो निर्मोही छलिया, तुम बिना क्यों सांस लेते।

डगर यह अनजान सारी, नयन से है नीर जारी। कह रहे अपनी व्यथा को, मुँह न मोड़ो तुम मुरारी। नयना बस जाओ मेरे, टूटें सब गम के घेरे। कटे रैना यह डरावे, तुम बिन हम किसको टेरे।

आँख मेरी रो रही है, जानूँ न क्यों करे देरी? छिप गया तू छोड़ हमको, सब लगाते यहाँ ेरी। सृष्टि का मालिक तुही है, नाचें कठपुतली बनकर। धयान हरपल हो तुम्हारा, ना लगता रि कोई डर।

खोजती अंखियाँ तुझे हैं, प्राणों का तू आधारा। ना कभी तुम रूठ जाना, तुझ बिना सब जगत खारा। प्रीति तुझमें ही रहे प्रभु, ना सुरति की डोर टूटे। नयन रिमझिम करें वर्षा, प्यार का हीोत ूटे।61ण

हरि की अन्तस में ज्योति जला, पथ देगा पागल क्यों रोवे। जीवन के अनुभव तीखे हैं, हरि याद करो अब ना सोवे। तृष्णा के चंगुल में ंसकर, दुख पावे तू मन अब ले सुन। हरि जप ले चैन नहीं उस बिन, सच जान नहीं है रस उस बिन।

क्षण भंगुर स्वप्निल सी दुनिया, क्या प्रीति लगावे भूला पिया। हरि भज ले शान्ति मिलेगी मन, तपते मारग की वह छैया। अनजानी गली जाना कहाँ, आंखों से नीर बहें मेरे। पी ले मन जाम उसी का तू, कर विनय हरि नहीं मुँह ेरे।

हरि लाज राखना जग स्वामी, विनती मेरी अब ना सोवे। चल चल कर थके तुझे खोजे, नयना मेरे हरपल रोवें। तुम बिन ना चैन मिले छलिया, मेरी रोवे हरपल अंखियाँ। केवट बन पार करो नैया, मैं पड़ू. नाथ तेरे पैयां।

62ण

तेरी मर्जी चलते हम, अपनी कृपा रखना सदा। डगमगाती नाव मेरी, प्रभु ना कभी होना जुदा। नयन यह सुपने संजोते, तुझे भूले नाथ रोते। प्रीति का प्याला पिला दे, चाहें तुम से ना विछुड़ते।

खोजते मग में अन्धोरा, ना पता कब हो सुबेरा। नीर बहते देख लो तुम, काहे मुझसे मुँह ेरा। अबल हम अज्ञान में हैं, तू जगत का है उजाला। प्यार की भिक्षा हमें दो, मुझे पिला अपनी हाला।

जाते हैं सारे यह दिन, आखों से बहती गंगा। ठौर नहीं तुझ कृपा बिन, न कभी मन होता चंगा। अब छिपो न मुझसे छलिया, प्राण के तुम ही सहारे। लाज हाथों में तुम्हारे, रो रहे तुमको पुकारें।

63ए

हरि जप हरि जप यह कटे फ़र, दुनिया के ना लागे फ़िर डर। अपनी मर्जी से ना आना, हरि की मर्जी फ़िर बहे किधार। मत मन उलझा जग में पागल, सुख दुख के घिरते हैं बादल। पल पल में रंग बदलता सब, शाश्वत में जी ले तू हरपल।कितने ही आये छूट गये, आते हैं हरपल कूल नये। मन पकड़ न कर तू बहता जा, हरि की यादो को सदा लिये। हरि हरि भज मन का कलुष मिटे, जीवन में फ़िर संतोष घटे। झिलमिल करती स्वप्निल दुनिया, वह धान्य हुए जो पिया रटे।

चल पैरों में जब तक ताकत, पर भूल नहीं जाना उस घर। पिय में यदि सुरति लगे पागल, फ़िर यहाँ नहीं लगता कुछ डर। बरसात बरसती आँखों में, सुपने ले ले जीती काया। जीवन यह एक पहेली है, न कोई इसे सुलझा पाया।

मर्जी तेरी ना चले यहाँ, उसकी मर्जी से बहो यहाँ। झड़ते पत्ते इंगित करते, कुछ पल के हम मेहमान यहाँ। हरि जप हरि जप सन्तोष घटे, सब तृष्णा का संसार मिटे। कर्ता बन मन जो दुख पावे, हरि हिया सजा संताप मिटे।

64ए

हरि तुम्हारे दास हैं हम, निज मन्दिर में दे डेरा। घूमते अनजान गलियाँ, चाहते हैं प्यार तेरा। काली रैना अन्धोरा, चाहते मिलता किनारा। डोलती नैया हमारी, जाने न हो कब सुबेरा।

शीश को दर पर झुकाये, नाथ कब से हम खड़े हैं। देख लो नजरें उठाकर, नीर मेरे गिर रहे हैं। तैरे नयनों में लाली, फ़िरता मैं झोली खाली। सृष्टि का तू ही रचियता, गिर रहे क्यों नीर माली।

कर्म के बन्धान बंधाा मैं, नाथ चलता जा रहा हूँ। खत्म कब हो श्रृंखला यह, किरपा मैं चाह रहा हूँ। तू नचाये नाचते हम, तेरी कठपुतली प्रभु है। दर्द का सागर ऊनता, छिप गया तू क्यों कही है।

*चरण में अपने बिठा लो, आंसुओं से पैर धाोऊँ। कुछ नहीं है पास मेरे, बस तुझे मैं दर्द देऊँ।*65ए

हरि प्रीति करो हो शरणाई, वह दुख भंजक दुख ना आई। सकल सृष्टि का स्वामी वह, अँखियाँ क्यों फ़िर भर भर आई। हरि भूले मनुआ पावे दुख, उसके बिन कभी मिले न सुख। चरणों में हरि के गिर जा मन, सब दन्श मिटे हरि बोलो मुख।

पतवार उसी के हाथों में, जप आती जाती सांसों में। क्षण भंगुर स्वप्निल यह दुनिया, मत उलझ यहाँ की बातों में। कोई न ठिकाना है पगले, हरि की गोदी में खेल रहा। मर्जी उसकी जैसा राखे, आशायें ले मन मचल रहा।

हरि हरि कहते बीते जीवन, सब बीता जाता अब कुछ पल। अखियाँ यह नीर बहाती है, मत भूल उसे तेरा सम्बल। अन्तस में ज्योति जगाता वह, सब तम को दूर भगाता वह। निर्भय होकर जग में घूमें, विष पीता अमृत होता वह।

हरि हरि जप और नहीं है कुछ, सब यहाँ स्वार्थ का मेला है। जिसने भी हरि का नाम पिया, जीना बस उसका जीना है।

66ए

तुम दीनबन्धु जग के पालक, कैसे खोजूँ मैं तुमको रब? अँखियाँ यह नीर गिराती है, तेरे बिन जिय लगता ना अब। अँधियारी रातें डर लागे, ना समझ सका तेरी माया। थक हार पुकारे यह काया, हरि तेरी मैं चाहूँ छाया।

तृष्णा के सागर में खोये, चल चल कर हम फिर फिर रोये। तुम बिन ना पीड़ मिटे दिल की, तुम छिपे बता कैसे जीयें? आंखों से बहती गंगा है, सांसे तेरा सुमरन करती। कहो जाऊँ कहाँ अबल नाथ, प्रभु हाथ जोड़ विनती करती।

नैया मेरी डगमग डोले, अब तू ही पार लगायेगा। थक हार चुका कुछ बल ना ही, बस बाट निहारूँ आयेगा। चरणों में शीश धारूँ तेरे, विनती सुन ले ना मुँह फेरे। बस सुरति सदा यह बनी रहे, नाचे हम डोर हाथ तेरे।67प

सूना लागे तुम बिन मोहन, जीवन के रस तुम ही रसिया। प्यारी दुनिया जिय न लगत है, तेरी राह निहारें अँखियाँ। मन के ताप मिटाओ सारे, बन्शी धुन पर गाओ प्यारे। जग की पीड़ा मैं सब भूलूँ, नयन बसो तुम प्राण पुकारे।

जोगन बनी याद में तेरी, छम छम नाची भई दिवानी। विष का प्याला पीया हँसकर, मीरा नयन बहाये पानी। इन पथरीली आंखों में तुम, प्यारे मोहन प्यार बढ़ाओ। प्रेम झरे नयना यह बरसे, मुरझाया जो सुमन खिलाओ।

माना स्वप्निल सारी दुनिया, इतना दर्द दिया क्यों छलिया। तेरे दर तक कैसे पहुँचू, अबल प्रभु मैं थाम ले बहियां। आओ आओ तुम्हें पुकारें, बचे शेष पल रास रचा ले। जीवन नदिया बहती जाये, जल तेरा पी प्यास बुझा ले।

68प

दीपमाला से सजाऊँ, तुम्हारा मन्दिर बनाऊँ। नयन जल से करूँ पूजा, चाह पल भर ना भुलाऊँ। शरण में मोहन मुरारी, राखते तुम लाज मेरी। तुम कृपा रखना सदा ही, प्यार पाऊँ मैं मुरारी।

ढूंढ़ते फिरते तुझे हैं, छिपे कहाँ प्यारे छलिया। तुम बिन यह जियरा तड़पे, नीर वर्षा करें अँखियाँ। ;षि मुनि सब करते पूजा, खेल सुख दुख के खिलाता। ना कोई तुमसा दूजा, चरण में मैं नाथ पड़ता।

फूल तेरे बाग के हैं, और कुछ तो हम न जाने। नयन से बहती हैं गंगा, विनय अपना दास माने। धूप छाया खेल दुनिया, तुम बिना रूठी है दुनिया। ज्ञान का दीपक जला दो, पाऊँ मैं तुमको छलिया।69प

हरि ओम् कहो मन ओम् कहो, दुख दर्द मिटें मन ओम् कहो। सब जग का वह ही रखवाला, मन डरता क्यों हरि ओम कहो। मन उसे जपो है शान्ति वही, ना और किनारा दिखे कही। साथी अँधियारी रातों का, इस धारती का है वही मही।

जीवन वह ही अमृत वह ही, इन सांसों की धाड़कन वह ही। सारे जग का वह मालिक है, मन भूल न उसको पास यही। उस बिन रोयें तेरी अँखियाँ, वह नाच नचाये बन छलिया। मन सुरति लगा ले उसमें तू, तपते मारग की वह छैया।

शाश्वत वह ही मन उसे जपो, फटते सब दुख के बादल हैं। जग जाल यहाँ सब झूठा है, कुछ पल का यह सब खेला है। मन सांस सांस में उसको जप, ना और लगा दिल यहाँ कहीं। सांसों में यदि वह रम जाये, समझे मन तू सब जगह वही।

70प

हरि तुझे हम ढूंढ़ते हैं, पाते पता तेरा नहीं। नयन से आंसू बरसते, क्या हरि मिलोगे तुम नहीं? तेरी दुनिया भटकूँ मैं, छल तू क्यों करता छलिया। अबल हम तेरे सहारे, प्यार दो मैं पड़ू पैंया।

बीत जाये यह न संधया, जिन्दगी की आस तू ही। देखता मैं राह तेरी, आ मिलो अरमान यह ही। तेरी माया जानते न, मिलती पर तुझसे छाया। दास को अपना बना लो, रोती है मेरी काया।

*नयन गंगा जल बहाये, चाहें बह उसमें जाये। ना कभी देखें पलट कर, तुझ चरण को नाथ पायें। मन पावन रूठा सावन, कर्म की जंजीर भारी। तुझ कृपा बिन ना कटे यह, लाज राखो हे मुरारी।*71ण

शुभ हो सदा जिन्दगी में प्रभु, यही मांगते तुमसे वर दो। नीर बहायें जो यह अंखियाँ, बढ़े प्रीति तुममें यह बल दो। जीवन छोटा यहाँ भटकते, नयन तुम्ही को यहाँ तरसते। इतना नहीं रूलाओ मोहन, प्यारे मेरे प्राण तड़ते।

नमन हमारा प्रभु अब ले लो, ढूंढ़ ढूढ़ कर मैं हूँ हारा। कहाँ जाये न जाने नौका, नाम तेरे का प्रभु सहारा। अबल नाथ हम अज्ञानी हैं, पर तेरे बालक है रसिया। बस जाओ तुम मेरे दिल में, तपे दुपहरी दे दो छैया।

आंखो से जाती ना लाली, ?ूल बाग के तेरे माली। देख उठा कर नजरें हमको, डरा रही हैं रातें काली। जीवन की तुम्ही आशा हो, अंखियाँ नीर बहावें मेरी। शरण तुम्हारी नाथ पड़े हम, करो पार प्रभु नैया मेरी।

72ण

नौका तुम बिन पार न होवे, इतना दर्द बता क्यों देवे? जग के पालक विनती सुन लो, जियरा मेरा यह घबरावे। दीनबन्धु तुम दुख के हर्ता, याद तुम्हारी आवे रोता। विछुड़ गये क्यों इस मेले में, सदा राह मैं तेरी तकता।

हरि हरि भजे चैन मन आवे, अंखियाँ निशदिन नीर बहावे। मुझसे मोहन रूठ न जाना, चाह प्रीति बढ़ती ही जावे। सारी दुनिया के रखवाले, लाज राखना शरण तुम्हारी। मृगतृष्णा ना मुझे सतावे, बढ़ू तेरे पथ चाहत मेरी।

चल चल कर मैं हार गया हूँ, खे दे नैया खेवन हारा। नयनन में बस जाओं मेरे, धयान निरन्तर बढ़े तुम्हारा। आँसू से करता मैं पूजा, इनको कभी नहीं कम करना। बह जाऊँ बस इस गंगा में, सदा निहारें तुमको नयना। 73ण

चलने की सामर्थ न मुझमें, गिरूँ उठूँ आंसू ढलकाऊँ। बिछुड़ों ना तुम मुझसे प्रियतम, बहते नयना तुझे दिखाऊँ। चल चल कर मैं हार गया हूँ, तेरा ना दीदार हुआ पर। कैसे इस दिल को समझाऊँ, बरसे मेरे नयना झर झर।

निर्बल को बल देने वाले, बल दो चल पथ पर मैं आऊँ। अंधियारी रातों में प्रभु जी, सदा ज्ञान का दीप जलाऊँ। मेरे सम्बल तुम्ही सहारे, तुझ बिन कृपा यहाँ सब हारे। ?ट जाते सब दुख के बादल, आता तेरे कोई द्वारे।

बेगाना बन जग में घूमूं, मिले चरण तेरे मैं चूमूं। छिपे कहाँ मैं बालक तेरा, बढ़े प्यार तो ही मैं झूमूं। सुमर सुमर कर प्यास बुझावे, मेरे जिय को तू तड़ावे। जला विरह की अग्नि भस्म हो, उड़े राख वह तुझ तक आवे।

74ण

हरि बोलो हरि हरि ही बोलो, मन की आंखों को तुम खोलो। उस बिन चैन न पाये मनुआ, सारे जग के सुख से तोलो। आज यहाँ कल कहाँ ठिकाना, किसने जाना सब बेगाना। कूल छूटते जाते सारे, पकड़े काहे बन दीवाना।

विछुड़ा जाता सारा मेला, पीछे से आता है रेला। आंख मीच मत सोवे मनुआ, संग न कोई जान अकेला। मृगतृष्णा ले रहा भागता, अंहकार को खूब बढ़ाया। सुख में सब दुख में ना कोई, पगले तू यों ही भरमाया।

दिल में हरि की ज्योति जला ले, इन नयनों में हरी बसा ले। जीवन की इस पगडण्डी पर, डर न लगेगा हरि को जप ले। हरि हरि जपो चैन मन आवे, दिल के सारे कष्ट मिटावे। सारे जग का पालक है वह, काहे अपना जिया जलावे।75ए

हरि भज लो शाश्वत वह ही है, जीना मरना उसमें ही है। संग तुम्हारे सदा खड़ा वह, उलझ जगत में क्यों रोवे हैं? सोंच रहा क्या मन तू पागल, बीती नहीं भुला क्यों पाये। रंग बदलती इस दुनिया में, रंग यहाँ सब बदले जाये।

दर्द मिटें सब हरि जप से ही, बनते कांटे भी ूल यहाँ। व्यर्थ सोंच में पड क्यों पागल, तू भूल रहा हरि छिपा यहाँ। बीत गई छोड़ो बीती जो, इस थोड़े जीवन को जी लो। मिटता जाता है यह तन भी, किसको पकड़े सबको भूलो।

नेह बढ़े हरि, ि़कर घटे सब, ले जाये जहाँ जाये वहाँ। अपनी क्या सब अर्जी उसकी, बहता जाये बन लहर यहाँ। नयनों के आंसू उसको दे, और नहीं कुछ जो उसको दे। कठपुतली बन नाच रहा तू, मैं को छोड़ चरण सिर रख दे।

76ए

जीवन एक पहेली माना, गहराई को किसने जाना। ;षि मुनि हारे धयान लगाकर, कुछ भी हाथ न हरि घर जाना। हरि हरि गाओ जग मेले में, ताप मिटाओ इस खेले में। इस बिन चैन न आयेगा मन, कितने सुपने ले नयनों में।

नीर चढ़ा दे हरि चरणों में, जान यहाँ ना कुछ भी बस में। बह जाये यह लहर कहाँ पर, अंहकार तज बसा नयन में। हरि हरि जप तू यहाँ अकेला, मिटता जाता है सब खेला। कठपुतली तू काहे रोवे, हरि पर छोड़ो मिटे झमेला।

हरि हरि जप ले चैन मिलेगा, दिल का सोया कमल खिलेगा। और न कुछ आधाार जगत में, हरि बिन सदा यहाँ तड़ेगा। आता याद कौन तुम सोंचो, अंधियारी रातों में बोलो। खारी लगती सारी दुनिया, अब तो अपने नयना खोलो।

नीर बहें पर उसे न भूलो, हरि हरि जपो न बहियां छोड़ो। अन्तिम पल में वही साथ है, मर्जी उस पर सारी छोड़ो। पार करेगा वह ही नौका, ज्ञान धयान वह ही सब देगा। पड़ चरणों में करो विनय यह, चाहे कृपा सदा तू देगा।77ए

आ गये हम शरण तेरी, ना पता कहाँ जायेंगे? नयन मेरे रो रहे हैं, तुमको क्या हम पायेंगे? जन्म कितने हुए पहले, जन्म यह भी जा रहा है। कर्म बन्धान में बंधाा हूँ, तोड़ हम ना पा रहे हैं।

हरि कृपा तेरी मिले तो, नाव मेरी पार होवे। गरजता सागर यहाँ है, देख लो ना हार होवे। नयन यह आंसू बहायें, पास में कुछ भी नहीं है। मैं कहाँ जाऊँ बता दो, प्यार दो डरता जिया है।

जग का मालिक तू ही है, नाचें हम कठपुतली बन। मर्जी तेरी नाचें हम, प्रभु ज्ञान दो हर लो चुभन। हरि नमन को स्वीकार कर लो, दास तेरे मुँह न ेरो। प्रीति मेरी बढ़े तुझमें, पीड़ दिल की नाथ हर लो।

78ए

मन मेरे क्यों है उदास, जिन्दगी की क्या है प्यास। घूमा तू न तृप्ति होती, लिये जग में कितनी आस। चल अकेला ना ठिकाना, लुप्त होवेगें कहीं पर। चलना जीवन की निशानी, और कुछ बस ना यहाँ पर।

सोंप हरि हाथों स्वयं को, बन जा कठपुतली उसकी। जायें जब न जोर चलता, आये जग मर्जी उसकी। तपे धारती वह बरसता, मुँह से पर कुछ न कहता। मैं कहाँ जाऊँ बता दो, तुम बिना यह दिल तड़ता।

थक गया मैं द्वार आया, न मुझे लौटाना खाली। ूल तेरे बाग के हम, राखना तुम लाज माली।79ए

हरि भज हरि भज मन तू हरि भज, प्रीति जगत की मन तू दे तज। तेरे बस में नहीं यहाँ कुछ, सोंच समझ ले मृगतृष्णा तज। कितना दौड़े थक थक लौटे, दन्श लगें जग के तू तड़े। जितना ज्ञान दिया हरि तुझको, मन सन्तोष करे तो चहके।

जीवन है दो दिन का मेला, जान यहाँ तू सदा अकेला। यहाँ वासना खेल खिलाती, आता पीछे से है रेला। कर्ता बन तू कर्म करे ना, बनो पोंगरी स्वर हरि गाये। अहंकार को तज दे पागल, उसकी दुनिया वही चलाये।

हरि हरि गाओ मन सुख पाओ, पीड़ा अपनी काहे दिखाओ। पीड़ा उबल रही जग अन्दर, प्यार दे सको तो दे जाओ। हरि हरि भजो न रस्ता दूजा, सोंचे जग की दुख में डूबा। बह ले लहर बना सागर में, हरि ही खेले देख अजूबा।

80ए

हरि भजन करो मन सुख पाओ, सब ताप मिटाओ जीवन के। वह ही रखबाला है सबका, हरि भजन बिना मनुआ भटके। चलती सांसों में धयान लगा, क्यों देख रहा जग ठगा ठगा। हरि से मन तेरा नेह बढ़े, दीखे जग में बस वहीं रंगा।

जपता जा तेरा घर हैं वह, मन भटक रहा तू हरि को खो। जप पार करेगा वह नौका, विश्वास करो मन मैं को खो। जग में सुख ना ही भटक रहा, आशाओं को ले टूट रहा। विश्वास किया जिसने हरि पर, बन लहर नदी में सदा बहा।

जीवनदाता सांसे उसकी, जागो मन यहाँ बहुत सो ली। आना जाना मर्जी उसकी, मन भजन करो हम कठपुतली। हरि जाप करो मन हरपल तू, टूटे न सुरति हरि ही तेरा। जो नीर गिरें इन अँखियों से, हरि स्वीकारो ना कुछ मेरा।81ए

निहारती सूनी आंखें, लहर हर उठ गिर रही है। ना पता यह जिन्दगी क्या, ले प्रयोजन चल रही है। देखते ही देखते सब, कुछ बदलता जा रहा है। वासनाओं को पकड़ तू, कौन सुपना ले रहा है।

पथ है दुर्गम चलता जा, सब तरु कुहरा छाया। चलते चलते नहीं पता, जाये डस अपना साया। जिन्दगी यह जा रही है, कौन से सुपनों को लेकर। आस क्या ले जी रहे हैं, दिन दो फिर कोई न घर।

मन नहीं लगता यहाँ तो, दिल लगा ले राम से तू। बुि) ने घोखा दिया है, डूब जा श्रीराम में तू। अश्रु अब सूखे हमारे, बहुत रोये यहाँ रोये। धौर्य नहीं हमको मिला, गिरता हूँ तेरे द्वारे।

82ए

बने बन जा तू उपासक, खो इसी तू शून्य में जा। श्रोत सर्जन का यही है, मन इसी में लुप्त हो जा। शून्य सबको सम्भाले, बन पुजारी इसी का मन। कठिन कुछ भी तो नहीं है, ना नियन्ता तू यहाँ बन।

नहीं इससे बिलग कुछ भी, शून्य में उठती लहरें। क्यों नहीं मन शून्य समझे, शून्य में गिरती लहरें। ईश्वर भटकता स्वयं है, स्वयं की यह खोज करता। जख्म खाकर भी अनेकों, नहीं कभी पथ में रूकता।

स्वयं ही खेले स्वयं से, नाच यह रूकता नहीं है। कितने ही यह रूप धारता, पार मन इसके वही है। अपनी मन्जिल न कोई, चलता बस जा रहा हूँ। आँख मैं देखूँ उठाकर, शून्य को ही पा रहा हूँ।83ए

गान दिये जा इस जीवन को, मान दिये जा मन तू सबको। प्यार दिये जा मिले कर में, दे मुस्कान यहाँ तू सबको। अपनी अपनी लिये कहानी, चलता ही रहता यह जग है। पीड़ाओं से पीड़ित जग है, प्यार जगत में सब चाहें है।

देख सके ना इस दुनिया को, वह क्या सन्देश सुनाते है। ।ूल खिल रहे इस बगिया में, झड़ते ।िर रोक न पाते हैं। अनन्त जीव इसी दुनिया में, यात्रा पर अपनी चलते है। सब यात्रा होती स्वयं यहाँ, आँखों में आंसू पलते है।

मन झूम झूम हरि को गा ले, ले जाती नदिया तू बहले। आता है सागर देख निकट, सब पीड़ हरे मन हरि जपले। मन्जिल का हमको पता नहीं, हरि ले जाये वह ही मन्जिल। मन मैं को छोड़ वही नाचे, ना घबरायेगा तेरा दिल।

84ण

बीत रहे दिन रोवे अंखियाँ, ढूंढू. कहाँ तड़ता जियरा। हरि को भूला भटक रहा हूँ, हरि आओ ना लागे जियरा। जान यहाँ मन सदा अकेला, हरि हरि जपो जगत रस छोड़ो। परिवर्तित जग का यह मेला, अमृत पी लो, दुख को छोड़ो।

किसको पकड़े हाथ न आये, कूल यहाँ सब छूटे जायें। पकड़ छोड़ मन हरि को भज ले, मर्जी उसकी वह ले जाये। कौन यहाँ मैं कौन यहाँ तू, रूप बदल कर वह ही आये। मर्जी चले सदा ही उसकी, जब चाहे लाये ले जाये।

हरि हरि जप ले और नहीं सुख, आँख खोल बिखरा जग में दुख। हरि का जिसने जाम पी लिया, नहीं सताते ।िर जग के दुख। तज दे मैं को, हरि हरि जप ले, कठपुतली बन यहाँ नाच ले। डोर उसी के हाथ न तेरे, सुरति उसी में कर मन बह ले।

धूप छांव का खेल यहाँ पर, अंखियां नीर गिराती झर झर। नयनों से आंसू जो बहते, उसे चढ़ा चरणों में सिर धार। प्राण पुकारें हरि हरि बोलो, हरि की दुनिया हरि सहारे। चरणों की बस धूल मिले प्रभु, तर जाऊँ मैं उसी सहारे।85ण

इस दुनिया का तू रखबाला, कैसे अपनी प्यास बुझाऊँ? शीश चरण धार रोना चाहूँ, अपना दिल यह तुझे दिखाऊँ। चल चल हारा तुझे न पाया, जीवन सारा व्यर्थ बिताया। इन नयनों में आंसू आये, किसे कहूँ रोवे यह काया।

नहीं भूल सांवरियां मुझको, जनम जनम का दास तुम्हारा। प्राण पुकारें छिपों नहीं अब, टूटे ना दिल का इकतारा। मृगतृष्णा में रहा घूमता, जल का नाम निशा न पाया। थक कर तेरे द्वार पड़ा हूँ, प्यासा कंठ बहुत भरमाया।

हरि हरि कहते बीते जीवन, तृष्णा मुझको नहीं सतावे। चाह नयन में तू ही दीखे, स्वप्नो से भी तू ना जावे। चरण पडू. ना मुझे भुलावे, याद तुझे कर भीगे नयना। याद सदा तेरी ही आवे, सांसो में तुझमें ही बहना।

86ण

हरि तेरे हम द्वारे आये, शरण तुम्हारी आंसू आये। जनम जनम से भटक रहा हूँ, प्यार मिले तब कोई पाये। दाता तुम मैं सदा भिखारी, अबल नाथ क्यों अंखियां ।ेरी। दीनबन्धु तुम जग के कर्ता, तरस रहा मैं कर ना देरी।

बिछुड़े क्या कसूर था मेरा, बहती गंगा याद नहीं कुछ। अब तो मा। करो दुख भंजक, करूँ अर्चना पास नहीं कुछ। पल में हंसे कभी ।िर रोवें, सुख दुख का है मेल यहाँ पर। तड़े जिवड़ा हाथ नहीं कुछ, जनम मरण का खेल यहाँ पर।

देवे मन पल पल में धोखा, पार लगे ना तुम बिन नौका। अन्तर्यामी घट की जानो, बरसे नयना दे दे मौका। सदा करें हम तेरी पूजा, चाहें रहे न घट में दूजा। आदि अन्त तू सदा सत्य है, वर्तमान का भी तू राजा।87ण

जायें कहाँ तुम ही कहो, पथ कोई भी न दीखता। कैसे बता लगायें दिल, तन अश्रु से है भीगता। मुख को न मोड़ो जिय डरे, अंधियारी रात न प्रकाश। तेरे चरण में हम पड़े, सुनसान पथ तेरी आस।

दया तुम्हारी चाहता, ढूंढू कहाँ मैं हूँ अबल। जग के रखैया तुम सुनो, चल कर गिरूँ न पग में बल। नयनों से नीर बह रहें, तुमको ही ईश जप रहे। यादों में तेरी खोयें, कुछ तो करो ना हम रहे।

पाऊँ तुझे दो वर मुझे, आंसू बहें यह दूँ तुझे। कीमत जग में ना है कुछ, ना और कुछ जो दूँ तुझे। हरि द्वार तेरे हम पड़े, नजरें उठा के देख लो। जायेगी बीत रैन यह, टूटा है दिल न अब छलो।

८८ण

जग के पालक तुम हो सर्जक, दिल मेरा रो तुझे पुकारे। कहाँ छिप गये मेरे छलिया, देखो हमें गिरा हूँ द्वारे। तुम बिन सूनी सारी दुनिया, खूब बहायें पानी अँखिया। टूटी वीणा स्वर न उठते जीये कैसे बोलो छलिया।

तेरा धयान धारे हम निशदिन, बीत जायेगे सारे यह दिन। तेरी यादें प्यारी लागें, वसो नयन में मेरे मोहन। कहाँ जाऊँ बतला दो तुम बिन, नहीं किनारा कोई दीखे। बहूँ तुम्हारी गंगा में मैं, सब कुछ भूलूँ तू ही दीखे।

*दीनबन्धु तुम दुख के हर्ता, अबल नाथ हम रोना जाने। विधि ना जाने आँसू आवे, दुख हरों तुमको ही माने। डगमग डगमग नौका डोले, विछुड़ो ना हम तुझे बुलावे। प्रीति निरन्तर बढ़ती जाये, डर न लगे यादे ले खोवें।*८९ण

राम के संग है बहारें, खोज मन तू राम को। आँख से हुआ वह ओझल, चाह उसके प्यार को। कंठ प्यासा आंख रोये, वह मिटाये प्यास को। दुख विनाशक जगत पालक, वह मिटाये पीड़ को।

खिले बगिया आओ राम, सूख यह तुम बिन गई। बरसे सावन आये तू, धुन उठे हरपल नई। देखते हैं राह तेरी, दिल पसीजेगा कभी। ऐसे पत्थर न बनो तुम, रोवें न आते कभी।

आ मिलो तड़ाओ न अब, याद करते राम है। ढल रही यह जिन्दगी अब, कुछ समय की बात है। सुमरण करें सदा तेरा, सांस यह जपती रहे। देख लो गिरते आंसू, विनय कर तुमसे कहें।

९०ण

शरण तेरी मैं मुरारी, नयन से है नीर जारी। किस जगह खोजूँ तुझे मैं, थक गिरी मैं नाथ हारी। सब जगह तू ही यहाँ हैं, क्यों रहा रो रि जहाँ है? दुख मिटाओ दुख के भंजक, प्यार का भूखा जहाँ है।

देखूँ छवि मैं तुम्हारी, ना कभी विछुड़ो मुरारी। प्यार की गंगा बहा दो, डूबूँ मैं उसमें सारी। इस जगत का तू रचैया, नाचें सब ता ता थैया। चरण पड़ती प्यार दे दे, टूटे नहीं डोर सैंयां।

*बांसुरी अपनी बजा तू, नाचुंगी सब भूल पीड़ा। दिल का मालिक तू मोहन, बचे कुछ पल करो क्रीड़ा। चीर दिल कैसे दिखाऊँ, नजरे राह में बिछाऊँ। देख ले आँखें उठाकर, नयन के मोती चढ़ाऊँ।*९१ण

मन हरि जपो वही सुखनन्दन, खिले कमल दिल का दुख भंजक। नौका तेरी पार करेगा, क्यों जिय करता तेरा धाक धाक। उसको भूल सभी दुख पाते, सबका है बस वही ठिकाना। छोड़ जगत की झूठी तृष्णा, आती संधया हरि घर जाना।

धूप छांव का खेल जगत में, दौड़ो कितना सुख ना इसमें। हरि जप ले कर धयान उसी का, गाती सृष्टि उसी के नगमें। दीनबन्धु वह जग का पालक, सर्जक वह ही जग का चालक। बहे नीर मन कलुष धुले सब, जप हरि सांसे आये जब तक।

हरि जप सदा साथ वह तेरे, कर विश्वास तुझे वह घेरे। उसे भूल पाते हम दुख को, धान्य प्राण जिसके हरि टेरे। हरि हरि गाओ उसे मनाओ, जीवन के सब ताप मिटाओ। उसकी दुनिया वह ही जाने, हरि को गाते लय हो जाओ।

९२ए

तुम बिन ज्ञान कहाँ से लाऊँ, जीवन कैसे सफल बनाऊँ। अन्तर्यामी जग के पालक, सुन ले दिल की तुझे मनाऊँ। जीवन में तुम करो उजाला, पिला हमें तू अपनी हाला। पीकर जाम तुम्हारा हे हरि, तुझे पुकारूँ बन मतबाला।

थक थक गिरूँ चला न जाता, आशा आयेंगे हरि भी क्षण। सम्बल मेरा तोड़ न देना, दिल में रहो न बिछड़ो इक क्षण। प्रीति बढ़े मिट जाऊँ इसमें, सांसे गायें तेरे नगमें। यादों में तेरी खो जाऊँ, मिटूँ निभा दूँ प्यार की रस्में।

*जीवन दाता जीवन तेरा, नहीं यहाँ पर कुछ भी मेरा। सुख दुख की नौका में बहता, तुम बिन कोई नहीं सहारा। शरण नाथ तुम मुझको रख लो, तुझ मन्दिर में दीप जलाऊँ। सांस सांस में धवनि हो तेरी, कुछ ना जानूँ तुझे मनाऊँ।*९३ए

दर दर डोलूँ खोज रहा हूँ, नीर बहावे मेरी अँखियाँ। इस जीवन को देने वाले, तुम बिन रहा न जाता सैंया। दीनबन्धु तुम जग के पालक, बल दो पहुँचूँ तुझ चरणों तक। सुरति रहे प्रभु हरपल तेरी, आवें यह सांसे हरि जब तक।

एक सहारा हरि तू ही है, चाहूँ प्यार मैं भटका हारा। नौका मेरी पार लगा दे, आंसू की बहती है धारा। उलझ उलझ यह जाता मनुआ, चल चल गिरें न पावे सैया। कृपा मिले तेरी तब ही सुख, तपस मिटे हम पावे छैया।

जीवन दौड़े पंख लगाये, अपनी पीड़ा किसे दिखायें। सूनी सारी दुनिया लागे, इतना मुझको क्यों तड़ायें? नयना बरसे रिमझिम रिमझिम, आस मिलन की ले धाड़के दिल। शीश झुकाये राह देखता, तपस मिटे कब बरसे बादल।

९४ए

थोड़ा सा जीवन यह, शिकवे जग से करते। सुपन सुंजोते कितने, टूटे तब हम रोते। अस्थिर सभी यहाँ है, मन क्यों उलझ रहा है। हरि गीतों को गा ले, देखो सब बहता है।

तेरे नयना छलके, हरि याद कर सुमर ले। सुख दुख का वह मालिक, कितना यहाँ भटक ले। तृष्णा यहाँ नचाती, दिल की न पीड़ जाती। नयन बहाये धारा, ना प्यास वह बुझाती।

*हरि एक नाम सांचा, दिल टूटे की आसा। मन याद कर उसी को, उससे मिले दिलासा। स्वप्निल सारी दुनिया, जप बीतेगी रैना। बसते हरि जिस दिल में, सुख का बहता झरना।*९५ए

मन हरि जपो प्रीति हरि कर लो, जग के ताप मिटाये भज लो। आदि सत्य वह अन्त सत्य है, वर्तमान में उसे न भूले। कहाँ जा रहे नहीं किनारा, बहा हमें ले जाती धारा। हरि सुमरो मन चैन मिलेगा, नयन नीर वर्षावे धारा।

सागर यह नाचे तरंग बन, मैं तज सागर कभी न भूलें। लहर यहाँ सागर को देखे, मिटते दुख जाने वह खेले। कुछ पल को यह सांस धाड़कती, मिट जाती खो जाते बैना। कोई यहाँ बड़ा ना छोटा, प्रकृति नचाती बना खिलौना।

हरि हरि जप मन कलुष मिटे सब, अन्धाकार में दीखे रस्ता। तृष्णाओं से हुआ पराजित, रोवे, धौर्य जपो हरि देता। हरि हरि जपो संग वह तेरे, उसे भूल क्यों आंसू गेरे। गिरते नीर सुमन बन जाते, हरि हरि तेरे प्राण पुकारे।

९६ए

प्रभु बालक हम तुम्हारे, ज्ञान का दीपक जला दो। दिल नहीं लगता हमारा, पार यह नदिया करा दो। ढूंढ़ता पथ ना उजाला, सारी अनजानी गलियाँ। फ़िर रहे हम तो भटकते, थामों तुम मेरी बैंया।

देख लो नजरें उठाकर, बह रहे यह नयन झर झर। दिल यहाँ कैसे मनाये, आते ना खायें ठोकर। कितने जन्मों का प्यासा, प्यास मेरी तू बढ़ा दे। प्राण यह तुमको पुकारे, तुझे पाऊँ या मिटा दे।

तुम बिना मुरझाई बगिया, फ़ूल भी खिलते नहीं है। मुझसे सावन है रूठा, कूक कोयल खो गई है। न बनो निर्मोही छलिया, थक गये दो ईश छैया। कुछ पलों का खेल बाकी, पांव पडू. आओ सैयां।

97प

मन हरि भजो भजन सुखदाई, उसकी हो जाओ शरणाई। हरि को जपो सहारा उसका, संकट सारे फ़िर कट जाई। सकल सृष्टि का मालिक है वह, मत कर मन तू अपना छोटा। तृष्णा हरपल नाच नचावे, उलझ गिरें मन करती खोटा।

जप ले मन हरि टपके अमृत, दिल का सुमन तेरा खिल जाई। जग की पीड़ा नहीं सतावे, ताप हरे मन वह सुखदाई। मन कर ले विश्वास उसी का, जनम मरण सब खेल उसी का। कठपुतली बन नाच रहे हैं, सुरति लगा साथी हरपल का।

मन भज पकड़ उसी का दामन, बहो जहां ले जाये सागर। अपना क्या यह तन भी ना ही, छूट रहे सब कूल यहाँ पर। हरि जप ले कट जाये रैना, पीड़ मिटे मन पाये चैना। पागल मन बन दास उसी का, लय हो जावेगा यह सुपना।

98प

हरि मैं हार गया ना आये, अँखियाँ मेरी नीर बहाये। अगम अगोचर पार न तेरा, अबल नाथ मैं कैसे पायें? बाट निहारें मेरी अँखियाँ, छल न करो तुम मुझसे छलिया। सदा साथ तुम पर ना दीखो, याद तुझे कर रोये अँखियाँ।

जन्मों से मैं भटक रहा हूँ, प्यासा मुझे पिला दे पानी। शीश धारूँ मैं चरण तुम्हारे, भीख प्यार की दे दे दानी। प्राण जपें यह हरपल तुमको, बसे नयन में मूरति तेरी। इतनी कृपा बनाये रखना, खो जायें ना यादें तेरी।

*यादों में तेरी खो जाऊँ, नयना मेरे रिमझिम बरसे। मनुआ और कहीं ना भटके, सांसे हरपल तुझको तरसे। जग की तृष्णा नहीं सतावे, तुझे पुकारूँ नैया खे दे। जलूँ विरह में तेरे मोहन, इतना ही वर मुझको दे दे।*99प

हरि ओम मन जपो तुम, अभी हो, कल कहाँ तुम। जग मोह क्यों बंधा तू, जानो यहाँ नहीं तुम। बन कर लहर बहो तुम, नदिया तुझे बहाये। कुछ पल की है झिलमिल, यह सांस फ़िर न आये।

मैं छोड़ो बह पगले, अपना नहीं यहाँ कुछ। तन जा रहा न रूकता, हरि का सभी यहाँ कुछ। हरि जप भागे मन डर, मन तू बसा हरी उर। कट जायेगी रैना, हरि ही तेरा रहवर।

हरि एक नाम सांचा, दे अन्त तक दिलासा। सब कूल छूटते हैं, हरि में सारी आसा। हरि को जपो मगन हो, सुपने सभी खतम हों। हरि ही चलावे नौका, मन जान क्यों न चुप हो।

100प

हरि मै तेरी बाट निहारूँ, पार लगा दे मेरी नौका। मेरा तू ही एक सहारा, तुझे मनाऊँ तू ही मन का। अँखियाँ नीर बहावें झर झर, कहाँ छिपे मेरे बन्शीधार। दिल का दर्द दिखाऊँ कैसे, चल चलकर मैं गिरता पथ पर।

मृगतृष्णा है यहाँ नचाती, अन्त लगे ना हाथ यहाँ कुछ। जल बिन मछली जैसे तड़पे, पाऊँ कैसे जतन करो कुछ। सदा रटूँ मैं तुमको हरपल, सांस सांस यह तुझे उचारे। प्रियतम इतना तो कर देना, नाथ गिरूँ मैं तेरे द्वारे।

*जीवनदाता जीवन तेरा, मर्जी चले सदा ही तेरी। कठपुतली हूँ नाथ तुम्हारी, तेरे हाथों में है डोरी। नयनों के आँसू सूखे ना, सदा चरण यह धोयें तेरे। सुपनों में भी तुम ही आओ, सुरति न टूटे वर दे प्यारे।*101ण

कौन सी मैं गली खोजूँ, ढूंढ़ता नाथ हारा। चले चल कर थक गये हम, चाहता मैं सहारा। बैठूँ मन्दिर में तेरे, बीते रैना काली। अश्रु मेरे चरण धोवें, नित खिलें ूल माली।

नीर बहते देख लो तुम, तुझे कैसे रिझाये। पास कुछ ना ूल सूखे, तुझे कैसे मनायें? नाथ हरपल तड़पता हूँ, बालक मैं तुम्हारा। निज कृपा रखना सदा ही, प्यार चाहूँ तुम्हारा।

आँख तेरी राह तकती, संधया ढलती जाती। मैं कहाँ जाऊँ जगत में, दर्द दिल का सुनाती। प्राण यह हरपल पुकारें, ना कहीं भटक जाये। प्रीति सदा बढ़ती जाये, कर कृपा तुझे पाये।

आदि तू ही अन्त तू ही, मन्जिल सबकी तू ही। ज्ञान दे तू संग मेरे, मिटे भ्रम यहाँ तू ही।

102ण

मीत जहाँ मेरे उड़ चल मन, यादें उसकी मुझको घेरे। उस बिन चैन न आये दिल में, अँखियाँ मेरी आंसू गेरे। जीवन यह क्यों सांसे लेता, उसके बिन जियरा ना लगता। इस जंगल में भटक रहा मैं, मुझे दिखा मन उसका रस्ता।

जलता दिल बरसे ना बादल, तृष्णा नाच नचावे हरपल। प्रियतम रंग में रंगना चाहूँ, कृपा करो हरि मुझमें ना बल। जग में कोई भी ना अपना, बीता जाता सारा सुपना। कूल छूटते जाते सारे, बसा हरी मूरति मन नयना।

*आशायें ले मनुआ नाचे, टूटें ठौर कहीं ना पावे। बैरागी बन मन दीवाना, गिरें नीर वह ूल खिलावे। प्रीति बढ़ा मन हरि हरि बोलो, मिटते संकट आंखे खोलो। कितना भटका क्या कुछ पाया, हरि बिन चैन न जीवन तोलो।*103ण

हरि मैं चरण तुम्हारे पड़ता, मुझे दिखा दो रस्ता। अज्ञानी हूँ बालक तेरा, नीर नयन में बसता। दीनबन्धु करूणा के कारण के सागर, पार लगा दो नौका। बीच भंवर में डोल रही है, जाये कित ले झौका।

जग के सर्जक जग के पालक, आंसू गिरते झर झर। तुम्ही बता दो जाऊँ कहाँ, अंधियारा पथ दूभर। सुख दुख की छाया के नीचे, सारा जीवन नाचे। चैन न आवे रोवे अँखियाँ, मुझसे आंखे मीचे।

चरण धोऊँ प्यार पाऊँ नित, हरपल तुझे मनाऊँ। जग की तृष्णा नहीं सतावे, वर तुमसे यह पाऊँ। जीवन दो दिन का भटके हम, मन यह कहीं न टिकता। तेरी कृपा सुगम हो रस्ता, इन नयनों में बसता।

104ण

तुम बिन नौका पार न होवे, डगमग डोले अँखियाँ रोवे। मेरे देवता तुम ना रूठो, चरण पड़े हम तुझे मनावे। जीवनदाता जीवन तेरा, कुछ भी नहीं यहाँ पर मेरा। सुख दुख के तू खेल खिलावे, तुम बिन तड़पे जियरा मेरा।

तेरे गुन गायें हम हरपल, जल बिन मछली तड़ रहा दिल। अंखियां खोजे राह निहारें, प्राण पुकारें, छिपो न अब मिल। चल चल हारा तुझे न पाया, ‍िर भी इस दिल को समझाया। नाम तुम्हारा ले मैं बहता, कृपा करो रोती यह काया।

*हरि हरि जपते बरसे नयना, तड़े सुन लें मेरे बयना। झूठी माया झूठी काया, कठिन हुआ यह सुन्दर सुपना। तेरे हाथों में जब डोरी, कठपुतली मैं ‍िर क्यों रोती। जैसा नाच नचावे नाचूँ, ज्ञान हमें दो पैंया पड़ती।*105ए

मन हरि जप इसमें लय हो जा, नगमें उसके ही गाता जा। जाती संधया ना भूल उसे, उसकी यादों में मन खो जा। सारे जग का वह ही पालक, चिन्तित क्यों मन जब वह रक्षक। सब चले इशारे उसके हैं, ना भूल चले सांसें जब तक।

हरि हरि जप ले कटते बन्धान, मन जान वही है सुखनन्दन। कर्ता बन जिया दुखावे क्यों, सब ओर नाचता कर वन्दन। हरि एक नाम है बस सांचा, दुखभंजक वह सुख का दाता। उसका मन जो भी धयान करे, दुख सागर से वह तर जाता।

नयनों में छवि नाचे उसकी, अंखियां बरसे जैसे सावन। कांटे भी ‍ूल बने मग में, दिल में हरि ज्योति जलाओ मन। व्यथित हृदय का चैन वही, नश्वर सब केवल सत्य वही। कितना भटको है चैन वही, सारे जग का मन मान मही।

प्यासे को मिल जाता है जल, हरि कृपा मिले बढ़ जाता बल। सब चाह यहाँ छोटी पड़ती, जब नयन बहाता गंगा जल।

106ए

हरि हरि जपूँ सभी कुछ तेरा, नहीं नाथ कुछ भी है मेरा। नाच नचाये वैसे नाचूं, न जानूँ कल कहाँ हो डेरा। अज्ञानी हूँ बालक तेरा, ममता सदा बनाये रखना। कृपा दृष्टि प्रभु तेरी चाहू, मेरे इन नयनों में बसना।

अनजानी गलियां पथ दुर्गम, प्यार मिले दुख हो जाता कम। चरण तुम्हारे नाथ पड़े हम, नयना मेरे बरसे रिमझिम। डगमग डोले नैया मेरी, बीच भंवर में जियरा रोवे। तुझे पुकारूँ मेरे खेवट, पकडू पांव नहीं अब सोवे।

*जियरा जलता ज्ञान नहीं कुछ, मेरी रोती है यह काया। बहते आंसू पास नहीं कुछ, शरण नाथ मैं तेरी आया। हरि हरि जपूँ कटे यह रैना, सुन लो मोहन मेरे बयना। दास तुम्हारे नहीं भूलना, अंखियां रोवें बस यह कहना।*107ए

चल कर आऊँ तेरे द्वारे, प्रभु पथ में उजियारा कर दो। मेरे देवता तुम ना रूठो, साहस मेरे दिल में भर दो। तृष्णा की दलदल में ‍ंसकर, नयनों में छाया अंधियारा। चहूँ तरु तेरा उजियारा, तुमको भूल हुआ जग खारा।

दुख को पाये तुझे भूलकर, नयना हरपल नीर बहायें। आँख खुले ना, तम में भटकें, मिले कृपा तब ही हम पायें। चल चल गिरूँ मैं ठोकर खाऊँ, अबल नाथ मैं नीर बहाऊँ। एक सहारा तेरा स्वामी, इस मन को रह रह समझाऊँ।

जिव्हा सदा तेरे गुन गाये, तुम न देखो कोई न देखे। इस जंगल में तेरे भरोसे, विनय नयन में तू ही दीखे। पास न कुछ भी झोली खाली, ना पांडित्य लिये मैं माली। ‍िर भी रो रो तुझे पुकारूँ, मिटती नहीं नयन की लाली।

स्वीकारो मैं दास तुम्हारा, तुम बिन नयन बहाये धाारा। सर्जक पालक तुम ही हो सब, तेरा ही बस एक सहारा।

108ए

हरि बिन कृपा नहीं कुछ होई, नीर बहायें अंखियां रोई। गिर जा मन हरि के चरणों में, नैया तेरी पार लगाई। आज यहाँ पर पता नहीं कल, अकड़ न छूटे जाता यह तन। प्रीति बढ़ा ले हरि से पगले, इस जीवन का सांचा है धान।

हरि हरि जप मन कटते सब दुख, हरि बिन नही यहाँ कोई सुख। मृगतृष्णा ने सदा नचाया, आंख खोलकर जग को ले लख। कुछ ना जाने कहाँ ठिकाना, बदले पल में रंग जमाना। देख हरी की लीलाओं को, उसमें हरपल सदा नहाना।

हरि हरि जप मन चैन मिलेगा, जगत जाल में ना उलझेगा। ठगनी माया नाच नवावें, नैया तेरी हरि खेवेगा। जान यहाँ पर नहीं यहाँ तू, नाचे सागर लहर बना तू। तेरे बस क्या, कठपुतली तू, हरि मर्जी से मन बह ले तू।पागल मन बस उसे पुकारो, सर्जक वह ही कभी न भूलो। जग का पालक वह ही दाता, मन तुम रजा उसी की चुन लो। हरि हरि जपो न और ठिकाना, बीता जाता सब अफ़साना। आदि अन्त वह सदा सत्य है, छोड़ो मैं को उसमें बहना।

109ण

हरि अपने चरणों में रख लो, यह सारा जीवन बीत गया। कुछ गलत हुआ कुछ सही हुआ, चल चल कर मैं तो हार गया। अनजान डगर पथ है दुर्गम, ꣾस माया में रोते हरदम। यह नीर बहाती हैं अंखियां, तड़पे जियरा मिल जा हमदम।

जपते ही रहे तुझे मोहन, नैया को पार लगा देना। अज्ञानी हूँ ना भूल मुझे, तुम प्यार मुझे अपना देना। जीवनदाता जीवन तेरा, सब चले इशारे तेरे हैं। कठपुतली बन हम नाच रहे, हरि सुरति बढ़ा जिय टेरे हैं।

तेरी गंगा में लय होकर, खो जायें हम मिट जाये गम। हरि मफ़ मुझे तुम कर देना, ना जान सकूँ कुछ भी ना दम। गाते गाते तेरे नगमें, कट जाये पथ आंखें है नम। अपने आंचल की छाया को, हरि विनय करूँ ना करना कम।

110ण

निशदिन बरसत नयन हमारे, बिछुड़े तुमसे हरि हम हारे। पल पल तेरी बाट निहारूँ, आ मिलो मोहि अब तो प्यारे। अगम अगोचर पार न तेरा, खोजूँ कित मैं तेरा डेरा। इन नयनों में हरि बस जाओ, सभी जगह हिर तेरा घेरा।

दास तुम्हारा नहीं भुलाना, अपनी दया सदा ही रखना। अज्ञानी जानू कुछ नाहीं, गिरूँ थाम हरि तुम ही लेना। धयान बढ़े हरि हरपल तेरा, कुछ भी यहाँ नहीं है मेरा। खड़ा द्वार पर भिखमंगा यह, कब होवेगा नाथ सुबेरा।

*दर दर डोलूँ चैन न पाऊँ, मन को कैसे मैं समझाऊँ। दया करो प्रभु हमें मिले पथ, नाथ तुम्हारी शरणा आऊँ। हरि हरि जपें कटे भ्रम सारे, इस जीवन को देने वाले। प्यार तुम्हारा बढ़ता जाये, झुका शीश हूँ तेरे हवाले।*111ण

हरि हरि कहते बीते जीवन, और बता क्या जग में है धान। किससे करें शिकायत जग में, अपना दर्द लिये घूमें जन। जीवनदाता जीवन हर्ता, कौन यहाँ मैं सब तू कर्ता। बहें नयन हरि याद तुझे कर, प्यार न कम हो विनती करता।

चल चल गिरूँ संभल न पाऊँ, कैसे इस दिल को समझाऊँ? सुरति तुम्हारी कभी न टूटे, बल दे चल दर तक मैं आऊँ। अंधियारे में कुछ ना दीखे, दया करो मैं दास तुम्हारा। बहता इन नयनों से जल है, मुझसे करना नहीं किनारा।

अपनी कृपा बनाये रखना, पार लगा देना यह किस्ती। हिचकोले खाती सागर में, अंखियाँ याद तुझे कर रोती। अज्ञानी पर बालक तेरा, कब होगा हे नाथ सुबेरा। चलचल कर प्रभु हार गया हूँ, दो वर मिले मुझे पथ तेरा।

112ण

तुझ मन्दिर में दीप जलाऊँ, बहते नीर करें यह पूजा। सारी खुशी सिमट कर आयें, इन नयनों में हरि तू बस जा। नीर मचलते आंखों में है, पड़े पैर में चल चल छाले। सारी दुनिया के रखवाले, नहीं भूलना ओ मतवाले।

अपनी कृपा बनाये रखना, मेरे जीवन के तुम हो धान। प्यार तुम्हारा चाहूँ ले सुन, हरि हरि कहते बीते जीवन। इस जंगल में तुझे पुकारूँ, साथ बता किसका मैं मानूँ। तुम बिन ज्ञान न आये छलिया, छलिया तू पर तुझको मानूँ।

*हरि हरि जपूँ चैन मन आये, दन्श जग के तू ही मिटाये। टप टप गिरें नयन से आँसू, इस दिल का वह सुमन खिलाये। विनती प्रीति बढ़ाना अपनी, सदा करूँ मैं पूजा तेरी। कर्मजाल से मुक्त हुआ मन, बहे लहर बन नदिया तेरी।*113ए

पिया मिलन की आस जगी है, मुँह न फेरो मोहन मुझसे। चल चल कर हम हार गये हैं, देखो मेरे नयना बरसे। कितने बीते जनम न पाया, इस जग में यों ही भरमाया। अँखियाँ नीर गिरायें हरपल, कैसी तुमने रच दी माया।

तेरा नाम जपूँ सुख पाऊँ, दन्श जगत के सभी भुलाऊँ। छोड़ न देना बहिया मेरी, तुझ चरणों में शीश नवाऊँ। हरि हरि कहते बीते जीवन, प्राण पुकारें तू मेरा धान। इन नयनों में हरि बस जाओ, मिट जाये फिर सारा क्रन्दन।

सकल सृष्टि का तुही रचियता, ना जानता कोई भी पता। पी पी रट मैं तुझे मनाऊँ, हरी कर देना माफ़ तुम खता। प्यासा मुझे पिला दे पानी, जाम पिला दे अपना दानी। पी तेरी मदिरा खो जाऊँ, लख ले इन नयनों का पानी।

114ए

हरि शरणा मैं तेरी आऊँ, पीड़ा अपनी यहाँ मिटाऊँ। दुख भंजक तुम सर्जक मेरे, अपना दिल मैं तुझे दिखाऊँ। अगम अगोचर पार न तेरा, सभी जगह पर तेरा घेरा। ठगनी माया नाच नचावे, अँखियाँ रोवें तुमको टेरा।

अपनी दया बनाये रखना, बहते हरपल मेरे नयना। मिले प्यार पथ में सुख मिलता, पीड़ मिटे हरि मेरी सुनना। हरि हरि गायें भूल जगत को, छिपा हुआ तुझमें ही सब सुख। पागल मनुआ पर ना समझे, बिन हरि कृपा न हो अन्तर्मुख।

*मन हरी जप हो शीतल काया, तपती धारती पर वह छाया। लाज रखेगा मन हरि तेरी, इन गलियों में तू भरमाया। बसो नयन में मन कर विनती, लय हो जावे हरि में यह मन। प्यार बरसता रहे सदा फिर, खिल जाता मुरझाया उपवन।*115ए

ओम कहो मन ओम कहो मन, सब ही मन के दुख दूर करो। कोई भी ना और सहारा, जप कर संशय सब दूर करो। इस विराट मेले में सब ही, दौड़ते पर जायें कहाँ पर? नयन बहायें जब जब पानी, प्राण पुकारे छिपे कहाँ पर?

ओम कहो कटते सब बन्धान, ओम कहो वह ही सुखनन्दन। ओम समाये सांस सांस में, उसकी लीला कर ले वन्दन। ओम कहो मिटते सारे भय, घूमे जग में होकर निर्भय। मन की मिटती सब चिन्ताएँ, लहर मिटे हो सागर में लय।

जप आँसू को क्यों ढलकावे, बिन उसके मन चैन न पावे। कितना भटको नही किनारा, ओम ओम जप वही बहावे। ओम की लीला ओम जाने, उसके नगमें मन तू गा ले। आदि सत्य वह अन्त सत्य है, मैं को छोड़ लहर बन बहले।